**खबर संक्षेप**

### श्री राम मंदिर भुआ बिछिया में आज मनाई जाएगी रामनवमी और निकाली जाएगी विशाल शोभा यात्रा

**भुआबिछिया।** नगर के श्री राम मंदिर भुआ बिछिया में रामनवमी मनाने की तैयारी विगत एक सप्ताह से चल रही है 27 मार्च को रामनवमी को लेकर स्थानीय राममंदिर को लाइट ओर डेकोरेशन से सजाया गया है ओर आज नवमी तिथि को प्रातः काल से ही राम मंदिर में हवन पूजन महा आरती प्रसादी के साथ विशाल शोभा यात्रा शुक्रवार शाम 4 बजे पूरे नगर में घुमाई जाएगी समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता पूरी तत्परता से कार्य कर रहे है डीजे बैंड बाजे आतिश बाजी रथ आदि की तैयारी में जुटे हुए हैं नवमी तिथि को सुबह से राम के जयघोष के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे राम मंदिर समिति ने नगर सहित सम्पूर्ण क्षेत्र से सभी से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाए धर्म लाभ प्राप्त करे और अपना सहयोग बनाए रखें।

### संबल योजना के हितग्राहियों के खातों में 3.32 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित

**मण्डला।** मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत 161 हितग्राहियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से कुल 3 करोड़ 32 लाख रुपये की राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। जिला श्रम पदाधिकारी कार्यालय मंडला द्वारा बताया गया कि यह राशि योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को राहत एवं सहायता स्वरूप प्रदान की गई है। इससे लाभार्थियों को आर्थिक संबल मिलेगा और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता होगी।

**सैकड़ों ग्रामीणों ने एसडीएम निवास से की अपील**

# निवास में पीने के पानी की बढ़ी परेशानी

*** जल स्त्रोतों के प्रति अनदेखी पड़ रही भारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



आजादी के 75 वर्ष गुजरने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र की जनता मुलभुत सुविधाओं को मोहताज है, वहीं सरकार द्वारा हर घर नल, हर घर जल, की थीम पर पीने के पानी की सुलभ व्यवस्था करने की जिम्मेदारी अन्य निर्माण एजेंसियो के अलावा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को सौपा है, लेकिन विभाग 05 वर्ष गुजारने के बाद भी अपने लक्ष्य से काफी पीछे है, जिसके कारण आम ग्रामीणों को पीने व निस्तार के पानी के लाले पड़ गये हैं।

जल जीवन मिशन, के फेल होने से पानी को तरसते निवास विकासखंड की कटंग सिवनी पंचायत के सैकड़ों पुरुष और महिलाओं ने अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय पहुँचकर अपील कर कहा की हमें और पंचायत को सदियों पुराने कुंए का जीर्णोद्धार कर पीने के पानी की व्यवस्था करने की इजाजत दें।




### कथित सार्वजानिक कुँवा है विवादित

उक्त कथित सार्वजानिक कुंआ साहित 0.12 हेक्टेयर जमीन राजस्व रिकॉर्ड में वर्ष 1979-80 से 1983-84 तक ग्राम के कृषक कन्हैया लाल साहू के नाम दर्ज थी जो राजस्व के बन्दोवस्त वर्ष के दौरान अन्य कृषक दुरपाल पिता गोरेलाल गोंड के खसरे में दर्ज हो गई है।

वहीं वर्तमान के राजस्व रिकार्ड में उक्त विवादित कुंआ शासकीय नाला भूमि में प्रदर्शित हो रहा है।

ज्ञात हो की इसी आधार पर ग्राम पंचायत द्वारा एस कुंए का पूर्व में भी दो बार शासकीय राशि से जीर्णोद्धार किया जा चुका है।

वहीं वर्ष 1979-80 राजस्व रिकार्ड के अनुसार कृषक द्वारा वर्ष दिसंबर 2024 में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में उक्त कुंए को अपनी जमीन में होने के दस्तावेज के साक्ष्य पर नक्शा सुधार की अपील की थी लेकिन प्रकरण में संलग्न दस्तावेज एवं तहसीलदार एवं पटवारी के प्रतिवेदन व तैयार अभिलेख में खसरा नंबर 166 एवं 68/502 राजस्व अभिलेखों में उक्त भूमि साहित कथित सार्वजानिक कुँआ नाला मद में दर्ज है, अतः इन्ही सब के आधार पर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी निवास ने आवेदक के आवेदन को निरस्त कर दिया था, जिसके बाद पंचायत द्वारा कुंए की सफाई आदि का कार्य शुरु किया गया लेकिन एस बीच भूमि मालिक द्वारा कार्य पर रोक का आवेदन दिया गया लेकिन ग्रामीणों के पुनः निवेदन और प्रकरण क्रमांक /0004/ अ-6(अ)/ 2024-25 को पारित आदेश को यथावत रखते हुये दिनांक 26/03/2026 को लगी रोक भी यह उल्लेख करते हुये निरस्त कर दिया की आवेदक का आवेदन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 164 की श्रेणी में नहीं आता।

ज्ञात हो की उक्त विवादित भूमि को राजस्व रिकार्ड के आधार पर अपनी बताते हुये कृषक मनोज साहू द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी निवास के फैसले से अशंतुष्ट होकर जिला कलेक्टर मंडला में अपील की गई है, अब देखना यह है कि इस मामले में राजस्व विभाग की त्रुटि है या कुछ और तकनीकी या जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा वास्तविक कृषक और सरकार के बीच ग्राम की जनता कब तक प्रताड़ित होती है।

# आस्था एवं श्रद्धा का केन्द्र है नक्खी माई का मंदिर

*** जवारे विसर्जन का होता है विहंगम दृश्य।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मण्डला से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम में बकौरी में स्थित है नक्खी माई माता का मंदिर, यह मंदिर पूरे क्षेत्र के लिये आस्था एवं श्रद्धा का केन्द्र है यहां क्वांर एवं चैत्र की नवरात्रि में बड़ी संख्या में जवारे बोये जोते हैं जिनमें श्रद्धालुओं के द्वारा अपनी मन्नत पूरी होने या किसी मनोकामना को लेकर बोये जवारे भी होते हैं एवं समिति के माध्यम से ही बड़ी संख्या में जवारे बोये जाते हैं इस बार जो जवारे बोये गये हैं उनकी संख्या 747 है।

नक्खी माई मंदिर में पूजन पाठ, हवन, जवारे विसर्जन, भण्डारे का यह सिलसिला पिछले काफी वर्षो से लगातार चला आ रहा है आसपास के सैकड़ों ग्रामों के लोग इस मंदिर के प्रति अपनी आस्था रखते हैं। वे जानते हैं कि नक्खी माई माता उन्हें हमेंशा विपत्तियों से बचाती रही है और आगे भी ऐसी कृपा बनी रहेगी।

जन श्रुति कहती है कि आज से सैकड़ों वर्ष पूर्व इसी पहाड़ी के रास्ते से लुटेरे इस गांव बकौरी को लूटने आये थे। तब देवी जी ने एक छोटी सी कन्या का रूप धारण करके लुटेरों के आने की सूचना गांव वालों को तेज आवाज लगाकर दी। छोटी सी कन्या की तेज आवाज को सुनकर लुटेरे क्रोध में आकर कन्या को मारने दौड़े तब कन्या का शरीर पत्थर का हो गया। लुटेरों ने देवी जी के इस पत्थर के स्वरूप की नाक काट डाली। इसलिए देवी जी के इस श्री विग्रह को नक्खी माई कहते हैं। यह देवी जी की मूर्ति स्वयं प्रकट है, यह मानव निर्मित नहीं है।



## हनुमान टेकरी में भागवत कथा को लेकर निकली कलश यात्रा



**भुआबिछिया।** हनुमान टेकरी मां अंजनी गौ सेवा आश्रम ग्राम डुंगरा भुआ बिछिया में 27 मार्च रामनवमी से लेकर 2 अप्रैल हनुमान जयंती तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है इस अवसर पर भगवत कथा वाचिका पूज्य कृष्ण संगनी देवी वृंदावन द्वारा प्रति दिन दिन में 2 बजे 5 बजे से तक श्रीमद भागवत कथा एवं प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक संस्कृत मूल पाठ का वाचन करेगी इस अवसर पर आज 26 मार्च को समस्त ग्राम ओर नगर वासियों के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिसकी आगवानी ग्राम की प्रबुद्ध महिलाएं कथा वाचिका पूज्य कृष्ण संगनी देवी बाल योगी मदन मोहन खड़ेश्वरी महाराज प्रहलाद दुबे सहित सैकड़ों श्रद्धालुओ कलश यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम की शुरुआत की खड़ेश्वरी महाराज ने बताया कि 2 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव पर 5 बजे 111 बत्तियों की महाआरती ओर शाम 4 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है ग्राम वासियों सहित समिति ने भागवत कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है।

## दिवंगत पुलिस कर्मियों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कल दिनांक 26 मार्च 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मंडला में पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत मंडला पुलिस के दिवंगत पुलिस कर्मियों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

मंडला पुलिस में पदस्थ आरक्षक मनोज वरकडे का दिनांक 30.11.2024 को सामान्य मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार आरक्षक कमल मरावी का दिनांक 28.07.2025 को सामान्य मृत्यु होना पाया गया। उक्त प्रकरणों में उनके निधन के उपरांत आवश्यक दस्तावेज संकलित कर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा मंडला के माध्यम से बीमा क्लेम की संपूर्ण प्रक्रिया विधिवत पूर्ण कराई गई।

कल पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा द्वारा आरक्षक मनोज वरकडे की माताजी श्रीमती मुन्नीबाई वरकडे एवं आरक्षक कमल मरावी की पत्नी श्रीमती गनशिया बाई मरावी को 10-10 लाख रुपये की बीमित राशि के चेक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा मंडला के मुख्य शाखा प्रबंधक शेखर कोल्हे, सहायक प्रबंधक उमाशंकर बर्मन एवं मुख्य लिपिक नीरज दुबे सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्री खोडियार माता दरबार सेवा समिति ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नवरात्रि में अष्टमी के अवसर पर स्थानीय सुभाष वार्ड में श्री खोडियार माता दरबार सेवा समिति के द्वारा धार्मिक आयोजन किए गए। समिति के सदस्यों के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति नवरात्रि का पर्व श्रद्धा भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। पंडित रानूनाथ शर्मा की मौजूदगी में समिति के द्वारा हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इसके पश्चात कन्याओं का परंपराओं के साथ पूजन करते हुए कन्या भोजन का आयोजन किया गया। इसके पश्चात आम लंगर भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में धार्मिक श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। प्रतिवर्ष श्री खोडियार माता दरबार सेवा समिति के द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। आस्था के साथ यहां दरबार में अन्य शहरों से भी धार्मिक श्रद्धालु आकर शामिल होते हैं।

## द्वितीय वार्षिक खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन 29 मार्च को

**भुआबिछिया।** नगर के जनपद शॉपिंग कंपलेक्स वेयर हाउस में 29 मार्च 2026 दिन रविवार को बिछिया नगर मे द्वितीय वार्षिक खाटू श्याम भजन संध्या श्री श्याम प्रेमी मित्र मंडल बिछिया एवं समस्त श्याम प्रेमी द्वारा खाटू श्याम भजन संध्या दिव्य दरबार ज्योति दर्शन एवं इत्र वर्षा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में छिंदवाड़ा जिले से शंकर राने जी अपनी 10 म्यूजिशियन सदस्यो की टीम के साथ-साथ गायक रूपाली जांघेला,शैफाली शाह, सुनील सत्यार्थी, आकाश नागवंशी एवं अन्य गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। जबलपुर नगर से मुरली अग्रवाल अपनी टीम के साथ बाबा का दिव्य दरबार एवं दिव्य ज्योति को लेकर आ रहे हैं। बाबा जी को छप्पन भोग लगाया जाएगा इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा किया जाएगा। आयोजन समिति ने भजन संध्या कार्यक्रम में सपरिवार एवं मित्रों सहित पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की हैं कार्यक्रम समाप्ति के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

**अनदेखी** | **शिकायत के बाद भी नहीं दिया जा रहा ध्यान, लापरवाही पड़ रही जान पर भारी।**

# काल बनकर दौड़ रहे रेत से भरे हाइवा-डंपर

*** बीच शहर दिन भर मचती धमाचौकड़ी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बम्हनीबंजर



मंडला–नैनपुर स्टेट हाइवे में काल बनकर हाइवा और डंपर बेलगाम रपतार से दौड रहे है। जिसका नतीजा है कि विगत कुछ दिनों पहले निवास मार्ग पर बम्हौरी ग्राम में तीन साल की बच्ची की जान चली गई। इसके अलावा भी जिले में कई इलाकों में दर्दनाक हादसे हुए हैं।

प्रशासन अब भी नहीं जागा तो ऐसी स्थिति में आये दिन इस तरह के दर्दनाक और वीभत्स हादसे होते रहेंगे। प्रशासन की यह लापरवाही बेकसूर की जान पर भारी पड़ रही है। मंडला–नैनपुर मार्ग पर रोजाना सैकड़ों डंपर और हाईवा ओवरलोड दौड़ रहे हैं। यहां से रेत और अन्य खनिज लेकर बेलगाम रफ्तार में दौड़ रहे भारी वाहन लोगों के लिए काल बने हुए हैं। यहां बम्हनी में कई बार रेत से लोड हाइवा और डंपर जानलेवा साबित हुए हैं। रेत के खिलाफ कई बार स्थानीय लोगों ने रोष प्रकट किया चक्काजाम तक कई बार किए। लेकिन वाहनों की रफ्तार नहीं थमी है।



### प्रतिबंध लगाने की मांग

वर्ष 2010–2011 में तत्कालीन कलेक्टर ने मंडला जिला में भारी वाहन हाईवा और डंफर पर प्रतिबंधित लगाया था लेकिन फिर कुछ सालों बाद हाइवा वाहन को फिर से अनुमति सड़क पर दौड़ने की मिल गई। जिसका परिणाम है कि इस तरह के हादसे फिर सामने आने लगे है यहां मंडला जिले के बुद्धिजीवियों ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि ऐसे वाहनों पर प्रतिबंध लगाया जाए। प्रशासन वाहनों की रफ्तार, ओवरलडिंग की निगरानी कर भी दुर्घटना के मामले पर नियंत्रण कर सकता है।

### ओवरलोडिंग पर करवाई नहीं

बम्हनी में व्यस्तम इलाके से रोजाना सैकड़ों हाइवा ओवरलोड जा रहे है। भारी वाहनों के चलते सड़क की भी जान निकल रही हैं। लेकिन इन वाहनों की जांच नहीं हो रही है। जिसका परिणाम है कि भारी वाहन सड़क पर बेधड़क दौड़ रहे हैं।

## 7 किलो से अधिक गांजा सहित 4 आरोपी गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला पुलिस मण्डला द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन क्लीन स्वीप" के तहत थाना बिछिया पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक मण्डला श्री रजत सकलेचा के निर्देशन में दिनांक 25.03.2026 को थाना बिछिया पुलिस द्वारा 04 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। थाना बिछिया अंतर्गत मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की कार क्रमांक UP-75-AS-7996 में कुछ व्यक्ति अवैध गांजा लेकर घुटास से बिछिया की ओर विक्रय हेतु आ रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर कोको रोड स्थित पडरिया तिराहा एवं NH-30 पर सघन वाहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान ग्राम गुडली के पास संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें वाहन में सवार 04 व्यक्तियों के कब्जे से 7.211 किलोग्राम अवैध गांजा (कीमत लगभग 3,50,000) बरामद किया गया। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध NDPS एक्ट के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है।

आरोपीगण में उमेश सिंह, पिता गुलाब सिंह नायक, उम्र 30 वर्ष, निवासी इटावा (उ.प्र.), अमित उर्फ राजा, पिता राजकुमार नायक, उम्र 18 वर्ष, निवासी डिण्डौरी (म.प्र.), कुलदीप, पिता शिवराम बंजारा, उम्र 18 वर्ष, निवासी कानपुर देहात (उ.प्र.), देवेन्द्र, पिता मंगल सिंह नायक, उम्र 33 वर्ष, निवासी कानपुर देहात (उ.प्र.) शामिल थे।

जप्त सामग्री में 7.211 किलोग्राम अवैध गांजा (कीमत लगभग 3,50,000), महिन्द्रा XUV 300 कार (UP-75-AS-7996) (कीमत लगभग 6,00,000), मोबाइल फोन – 04 नग (कुल कीमत 36,000) कुल जप्त मशरूका – 9,86,000 (लगभग) जप्त किया गया।

इस कार्यवाही में एसडीओपी बिछिया सौरभ तिवारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम, उप निरीक्षक प्रवीण मालवीय, प्रधान आरक्षक अजीत परते, अनिल मर्सकोले, उगेश सरोते, आरक्षक अजय झारिया, अमृत मेरावी, नंदकिशोर मरावी, गजरूप, भीकम, तेवेन्द्र तथा सूर्यचंद बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

## रामनवमीं पर आज निकलेगी भगवान श्रीराम की निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।।** नगर मे शिव रामसत्ता मंडल द्वारा राम नवमी के अवसर पर बीते हुये 17 वर्षो से आयोजित होने वाली भगवान श्रीराम जी की रथयात्रा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आज राम नवमी के अवसर पर आयोजित की जा रही है। इसी प्रकार से नगर के आलवा अन्य जगहों पर भी आज राम नवमी के मौके पर अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने की तैयारियाँ बडे जोरो पर चल रही है। बताया जाता है कि नगर में निकली वाली यह रथयात्रा शाम 5 बजे छिड़ाव घाट से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्ग चौकी चावडी रोड से निकलते हुये महावीर भवन से शक्ती चौक होते हुये श्याम टाकीज, शिवालय चौंक से पुराना बस स्टैंड के पास से गुजरते हुये पुरानी गल्ला मंडी से निकलकर बडा सराफ बाजार होकर झंडा चौंक से होते हुए वापस चौकी होते हुये छिड़ाव घाट पर पहुँचकर सम्पन्न होगी। इस यात्रा में रथ पर श्री राम दरबार सहित श्री हरि नरसिंह भगवान की प्रतिमाओ को रथ पर विराजमान कर झांकियों के साथ नगर विहार कराया जाएगा। वही इस रथ यात्रा में मुख्यता अनेक प्रकार के कला का प्रदर्शन किया जायेगा, जिसको लेकर नगर के शिव सत्ता मंडल ने धर्म प्रेमी जनता से रथयात्रा मे उपस्तिथि की अपेक्षा जताई गई है।

## दुर्गा अष्टमी के मौके पर महिलाओं ने मंदिर में पहुंचकर किया पूजन, आज व्रत तोड़कर करेगी माता रानी की आराधना









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** माता रानी की आराधना का पर्व जहां समाप्ती की ओर पहुंच चुका है उसी के चलते कल गुरूवार को दुर्गा अष्टमी के मौके पर जहां महिलाओं ने नगर के देवी मंदिरों में पहुंचकर मातारानी की श्रद्धा के साथ पूजन अर्चन करते हुये उन्हें अनेक प्रकार के भोग लगाते हुये पूजन किया गया। वही दूसरी ओर शहर से लेकर गांव गांव कन्या भोज के कार्यक्रमों की धूम बची हुई देखी गई। चैत्र नवरात के चलते देवी आराधना में जहां छोटे से लेकर बडे लोगों को लीन देखा जा रहा है। वही नगर में कुछ जगहों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना भी की गई जहां पर अनोखी छटा देखने मिल रही है। इस तरह चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर लगातार नो दिनों तक ब्रत धारण करने वाले भक्तों द्वारा आज दुर्गा नवमी के मौके पर जहां विशेष पूजन करते हुये अपने ब्रत तोड़ेगे। वही दूसरी ओर अनेक घरों में मातारानी का पूजन करने के साथ अपने कुल देवी देवताओं का पूजन भी किया जावेगा। वही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किये गये जवारों के विसर्जन का सिल सिला आज से शुरू हो जावेगा। इस तरह माता रानी की विदाई नजदीक आने के कारण भक्तों के चेहरों पर जहां उदासी नजर आने लगी है। क्योंकि एक वर्ष के उपरांत फिर माता रानी से मुलाकात होने की आशा के साथ आज जवारों को विदाई देना शुरू हो जावेगा।

## चैत्र महोत्सव के अवसर पर बसेड़िया ने छात्राओं को सम्मानित करते हुये लिया आशीर्वाद



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** चल रहे चैत्र नवरात्र के दौरान गाडरवारा कौड़िया मार्ग स्थित माँ बीजासेन दरबार आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यहां पर प्रतिदिन जहां भक्तों की भीड़ पहुंचते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर समाज सेवी मुकेश बसेडिया द्वारा स्थापित किये गये जवारे व अन्य अनुष्ठानों के चलते जहां महौल पूर्णरूप से धर्ममय बना हुआ है। वही बीते हुये दिवस नवरात्रि महोत्सव के बीच बसेडिया द्वारा माँ दुर्गा स्वरूप कन्याओं की लगातार नौ दिनों तक पूजन की गई। वही बीते हुये दुर्गा अष्टमी के अवसर पर 50 छात्राओं को हर साल की भांति बेटी सम्मान व शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों की मौजूदगी में सम्मान कार्यक्रम में छात्राओं को पढ़ाई सहित अनेक प्रकार से स्कूली गतिविधियों से संबंधित सामग्री प्रदान करते हुये आर्शीवाद लिया गया। मौजूद देवी स्वरूपा छात्राओं के पैर पखारकर एवं उनके ऊपर पुष्प वर्षा करने के साथ अभिनंदन करते हुये कहा कि बेटियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना मेरा हमेशा से ही उद्देश्य रहा है। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य छात्राओं का सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाना है। कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों ने भी अपने उदबोधन मे नवरात्रि मे इस प्रकार के आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की गई। इस दौरान मौजूद देवी अन्य लोगों को राम नाम लेखन पुस्तिका भेंट की गई।

## एक साल पहले सुधारी गई कोठिया सड़क हो गई बदहाल, किसानों के ट्रेक्टर ट्राली निकलने की बात तो दूर मोटर साईकिल निकलना हो रहा मुश्किल...











**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा सड़को के नाम पर हर साल करोड़ो रूपया खर्च करते हुये ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ने के प्रयास करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। मगर सड़क विभाग से जुडे हुये अधिकारियों की उदासीनता कही जावे या फिर निर्माण करने वाली एजेन्सी से मिली भगत का परिणाम जिसके चलते गांव गांव बनाई जा रही सड़क चंद दिनों की मेहमान साबित होने से नही चूक रही है। क्योंकि निर्माण के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी के चलते सड़को का निर्माण कार्य जिस गुणवत्ता के साथ किया जाता है कि वह अपना पहला जन्म दिन मनाने में तक सफल नही हो पा रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम कोठिया रोड़ की देखने मिल रही है। कहने के लिये तो इस सड़क का सुधार कार्य एक साल पहले यानि की इसी दिसम्बर 2024 में हुआ था। मगर हैरत की बात है कि एक साल के अंदर ही इस सड़की दुर्दशा खुद ही अपने अपने सुधार की गुणवत्ता को उजागर करने से नही चूक रही है। इस तरह संबंधित विभाग द्वारा सुधाय कार्य के नाम पर निभाई गई औपचारिकता के चलते वर्तमान समय में देखा जावे तो यह सड़क पूर्णरूप से बदहाल हो चुकी है कि क्षेत्र के किसानों के ट्रेक्टर ट्राली निकलना तो दूर की बात मोटर साईकिले निकाले के दौरान भी ग्रामीणों को दहशत में देखा जाने लगा है। इस समय चल रहे कृषि कार्यों के दौरान सड़क में जहां तहां निकले हुये गड्ढो के चलते जहां आये दिन ट्रेक्टर ट्रालियों को पलटते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है...। इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी क्षेत्र के जिम्मेदारों की चुप्पी इस तरह महसूस होने लगी है कि मानों सड़क निर्माण की गुणवत्ता में उनकी भी बराबरी की सोझआई रही होगी...? समीपस्थ जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लिलवानी से कोठिया के बीच बनी हुई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क पूर्णरूप से बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। वैसे भी देखा जावे तो प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 4.7 किलो मीटर लम्बी इस सड़क के निर्माण को अभी अधिक लम्बा समय नही बीता है। मगर यह सड़क अपने निर्माण के मात्र तीन साबन ही देख पाई थी और जहां तहां से टूटने के चलते बीते हुये साल यानि की दिसम्बर 2024 में कोठिया से लेकर लिलवानी के बीच सुधार कार्य किया गया था। मगर सुधार कार्य के दौरान अपनाई गई गुणवत्ता के चलते पूरा एक साल का समय भी नही निकल पाया है और सड़क अनेक जगहों से इस तरह टूट चुकी है कि लोगों के बडे वाहन निकलने की बात तो दूर छोटे वाहन निकालना भी मुश्किल होते हुये देखा जा रहा है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश की सत्ता में बैठी हुई सरकारों द्वारा ग्रामीणों की सुविधा के नाम पर गांव गांव सड़क बनाते हुये जिस सोच के चलते खर्ज की जा रही है। मगर उस सोच को विभाग में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा खुद ही ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है...? अनेक जगहों पर तो गड्डो की स्थिति इस तरह देखने मिल रही है कि वह मौत का कुंआ साबित होने से नही चूक रहे है। इस तरह वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालते हुये निकलने के लिये मजबूर देखे जा रहे है। इस तरह बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी ग्राम लिलवानी कोठिया मार्ग के निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन प्रशासन से पुनः गुहार लगाई जाने लगी है। यदि समय रहते हुये इस सड़क में सुधार कार्य नही हुआ तो निश्चित तौर से इस सड़क पर बड़ बड़ी घटनाये घटित होना दिखाई देने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

## प्रदेश के शिक्षा मंत्री आज नगर में आयोजित अनेक कार्यक्रमों में होगे शामिल



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह आज शुक्रवार 27 मार्च को गाडरवारा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार मंत्री सिंह आज शुक्रवार 27 मार्च को दोपहर 2.30 बजे एनटीपीसी सभागार बीटीआई स्कूल गाडरवारा में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात अपरान्ह 3 बजे नगर में संकल्प से समाधान कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात मंत्री सिंह शाम 4.30 बजे से 6.30 बजे तक सेवा सदन में मौजूद रहते हुये क्षेत्रीय गणमान्य जन से सौजन्य भेंट करते हुये उनकी समस्याये सुनने के साथ निराकरण करेगे। वही बताया जाता है कि इसके पश्चात शाम 6.30 बजे श्रीराम नवमी के अवसर पर नगर में निकाली जा रही भव्य श्रीराम शोभायात्रा कार्यक्रम शामिल होकर आर्शीवाद ग्रहण करेगे।

## आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों के सत्यापन कार्य में तेजी



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** स्थानीय जन शिक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के अंतर्गत निजी एवं अशासकीय विद्यालयों में सबसे छोटी कक्षा में प्रवेशित होने वाले बच्चों के फॉर्म का ऑनलाइन सत्यापन कार्य जन शिक्षा केंद्र प्रभारी प्राचार्य भूपेश ठाकुर के निर्देशन में सतत जारी है। बताया जाता है कि शिक्षा विभाग द्वारा चयनित मेंटर शिक्षकों द्वारा संबंधित बच्चों के दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। शासन के आदेश अनुसार जन्म प्रमाण पत्र, निवास विवरण, बीपीएल कार्ड या अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र, समग्र आई डी, आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन कार्य का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर दस्तावेजों की जांच कर फॉर्म को ऑनलाइन स्वीकृत करना है। सत्यापनकर्ता टीम के प्रभारी सत्यम ताम्रकार द्वारा बताया गया कि अभी तक 123 फॉर्म जन शिक्षा केंद्र को प्राप्त हुए हैं तथा सभी 123 फॉर्म का आरटीई ऐप के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापन किया जा चुका है। वही निर्धारित की गई टीम द्वारा सभी फॉर्म की हार्ड कॉपी तथा अभिलेख संधारित भी किया जा रहा है। आरटीई के अंतर्गत यह सत्यापन कार्य जिले के प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में 30 मार्च तक जारी रहेगा।

## शराब की गिरप्त में समा रही युवा पीढ़ी से बढ़ रहा अपराधों का ग्राफ...?

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया**

शहर में विदेशी, देशी शराब का जिस प्रकार से शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम है कि इसकी गिरप्त में लगातार युवा पीढ़ी आने के साथ साथ अपनी जिन्दगी को बर्बाद करने से नही चूक रही है बल्कि सही मायने में देखा जावे तो शराब पीने की चपेट में आए युवाओं, किशोरों की तादाद बढ़ती चली जा रही है? यह बात अलग है कि आये दिन पुलिस प्रशासन के साथ साथ समाजसेवी संस्थाओं द्वारा नशा मुक्ति संबंधी शिविरों का आयोजन करते हुए नशा से दूर रहने के लिए संदेश दिया जाता है। मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण ही दिखाई दे रहा है और इसी का परिणाम है कि जहां तहां बिक रही अवैध शराब के चलते युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आने से नही बच पा रही है? गौरतलब है कि शाम ढलने के बाद शराब की दुकानों पर युवाओं की भीड़ उमड़ने लगती है तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में गांव गांव किराना दुकानों के समान शराब का अवैध कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते शहर से लेकर गांवों में आसानी से उपलब्ध हो रही शराब के चलते युवा जो अपने दोस्तों के साथ शराब पीकर इतने मस्त हो जाते है कि उन्हें अपने घरों की स्थिति का ध्यान नही रहता और रात को जब वे अपने घरों की दहलीज पर लड़खड़ाते हुए कदम रखते है तो महिलाएं बुरी तरह विचलित हो जाती है और घरों में कोहराम मच जाता है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों का कहना है कि शराब ने शहर लेकर गांवों का माहौल बिगाड़ दिया है। युवाओं, किशोरों को शराब पीने की लत लगने से उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है, माँ बाप की आशाओं के अनुरूप वे अपना भविष्य नही बना पा रहे है और घरों में कलह हो रही है, लोगों का कहना है कि शराब के शौकीन युवा ठीक से घरों में भोजन नही कर रहे है और अपने माँ बाप की सेवा करने की बजाय उन्हें परेशान करते हुए देखे जा रहे है। इतना ही नही यदि शराब की दुकानों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से नगर में शराब दुकाने रहवासी क्षेत्रों में संचालित हो रही है उसके चलते जहां नगर का संपूर्ण वातावरण दूषित हो रहा है तो दूसरी ओर ग्राम क्षेत्रों में जहां तहां किराना दुकानों के समान चलने वाली इन दुकानों पर होने वाली मारपीट के चलते आसपास रहने वाले किशोरों पर भी विपरीत असर पड़ते हुए देखा जा रहा है, जिसके चलते शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में फिलहाल जो तीन शराब की दुकाने युवाओं को आकर्षित कर रही है उन्हें नगर सीमा से हटाया जाए और पुलिस बीरान जगहों पर खुलेआम हो रही शराबखोरी पर भी अंकुश लगाने की पहल करे जिससे नगर में शांति व्यवस्था कायम रह सके।

## क्षेत्र की पंचायतों में हुये निर्माण कार्यो की जांच से उजागर हो सकती है गुणवत्ता की सच्चाई?

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जिस प्रकार से लोग अपनी ग्राम पंचातयों में किसी जनप्रतिनिधि का चुनाव करती है तो उसे उससे काफी उम्मीदे रहते हुए ग्राम के विकास की बाट जोही जाती है। मगर अक्सर देखा जाता है कि कुर्सी मिलने के बाद वह ग्राम विकास को भूलकर सिर्फ अपनी विकास की ओर ध्यान देने से नही चूकता है? इस बात की सच्चाई ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंचों के कार्यकाल खत्म होने के बाद जब नई पंचातयों का गठन हुआ तो ऐसा जान पड़ा की शायद अब ग्रामों की तस्वीर बदल जावेगी? मगर ऐसा कुछ हुआ जान नही पड़ रहा है और पंचायतों के नये कार्यकाल को लगभग दो वर्ष बीतने को हो चुके है यदि पूर्व के समय के सरपंचो के कार्यकाल पर गौर किया जावे तो उनके द्वारा किये गये भ्रष्टाचार को लेकर अनेक ग्राम पंचायतों की कार्य प्रणाली के खिलाफ आज भी अंगुली उठ रही रही हैं? सरपंचों के खिलाफ शिकायतों का अनवरत सिलसिला जारी है, जिम्मेदार अधिकारियों के पास ऐसी अनेक शिकायतें निराकरण की बाट जोह रही है जिनकी यानि निष्ठा के साथ जांच हो जावे तो पंचायतों में हुए घोटालों की सच्चाई सामने आ सकती है? वैसे सच यह भी है कि यदि प्रशासन इन शिकायतों के प्रति गंभीर रूप अख्तियार करता तो अनेक ग्राम पंचायतों के सरपंचो द्वारा पूर्व में डकारी गई शासकीय राशि अपने घर से चुकानी पड सकती है? दरअसल ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य सबसे अधिक शिकायतों के केन्द्र बिन्दु बने हुए हैं? निर्माण कार्यों में अनियमितता बरतने की शिकायत आम तौर पर है क्योंकि सरपंचों के पास पांच लाख रूपये तक के निर्माण कार्य किये जाने का अधिकार था और बाद में सरकार द्वारा उसमें बढ़ोत्तरी करते हुये डबल करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी, जिसका उन्होंने खुलेआम दुरूपयोग करते हुए अनेक पंचायतो में गुणवत्ताहीन किये गये निर्माण कार्य आज खुली गवाही दे रहे है।

## आदर्श स्कूल के छात्रों ने नवाचारों से किया प्रभावित



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर के शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय में पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत बच्चों द्वारा पर्यावरण जागरूकता हेतु सतत जीवन शैली के अंतर्गत पुराने कपड़ो से बेग, मिट्टी से खिलोने, कागज,पेपर्स से थैले बनाना आदि गतिविधियां आयोजित की गई। वही आयोजन के अंत में सहभागिता करने वाले सभी छात्रो को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य आर पी महिलॉग ने भी अपना उदबोधन दिया एवं छात्रों के जज्बे को सराहा। इस आयोजन में श्रीमती ज्योति शर्मा, राजीव नाहर, पूजा विश्नोई,रत्ना राजपूत,ज्योति विश्वकर्मा, आभा मिश्रा,गायत्री राय, अखिल सोनी,रंजीत सराठे सहित समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया गया।

## बच्चों को डाटने से रोका तो कर दी मारपीट

चीचली। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम सूखाखैरी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि प्रार्थी व उसका भाई एक ही मकान में निवासी करते है। बीते हुये दिवस रात के समय उसका बडा भाई धनराज यादव शराब के नशे में घर आया और अपने बच्चों को डांट रहा था तो प्रार्थी छोटे भाई द्वारा उसे बच्चों को डाटने से रोका गया। इस बात को लेकर बडे भाई ने अपने छोटे भाई को गंदी गंदी गालिया देते हुये ईट पत्थर से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी भाई के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob.: 903 9230 199, 722 4021 199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

## खबर संक्षेप

### कल अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर होगा सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब के पावन दर्शन

**अनूपपुर।** नगर के संगतजन और श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत खुशी और सौभाग्य का अवसर आने वाला है। कटनी हरे माधव दरबार के गद्दीनशीन सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब की परमार्थी एवं रूहानी यात्रा कटनी से रायपुर की ओर प्रस्थान कर रही है। इसी यात्रा के दौरान गुरु आज्ञा से अनूपपुर में संगत को पावन दर्शन का अवसर प्राप्त होगा। जानकारी के अनुसार 28 मार्च, शनिवार को सुबह 8:55 बजे संपर्कक्रांति एक्सप्रेस के अनूपपुर पहुंचने के समय अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब के पावन दर्शन होंगे। इस शुभ अवसर को लेकर नगर के संगतजनों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने नगर के सभी श्रद्धालुओं, प्रेमियों और संगतजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में स्टेशन पहुंचकर सतगुरु साहिब के दर्शन कर अपने मानव जीवन को सफल बनाएं और आशीर्वाद प्राप्त करें। बताया गया कि यह यात्रा पूरी तरह परमार्थ और मानव कल्याण के उद्देश्य से की जा रही है, जिसमें सतगुरु का संदेश प्रेम, सेवा और भाईचारे को बढ़ावा देना है। दर्शन कार्यक्रम को लेकर स्थानीय संगत द्वारा स्वागत की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि सतगुरु के दर्शन से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक शक्ति का संचार होता है। इस पावन अवसर को लेकर पूरे शहर में धार्मिक वातावरण बना हुआ है।

### कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**उमरिया।** जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान के के डेहरिया ने बताया कि कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। उमरिया जिले में कक्षा 5वीं के 12609 छात्रो में से 12036 छात्रो ने परीक्षा दी, जिसमें 11772 छात्र उत्तीर्ण हुए तथा परीक्षा परिणाम का प्रतिशत 97.81 रहा। इसी तरह कक्षा 8वीं में कुल दर्ज 10798 में से 9986 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें से 9343 छात्र उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम का प्रतिशत 93.56 रहा।

### अवैध रेत चोरी कर परिवहन करते पाए जाने पर कोतमा पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही

**कोतमा।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में थाना कोतमा पुलिस द्वारा 25 मार्च को रात्रि में एक ट्रैक्टर ट्राली अवैध रूप से रेत परिवहन करते जप्त थी गई है। जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रैक्टर ट्राली में चंगेरी घाट केवई नदी से अवैध रेत लोड कर विक्रय हेतु ले जा रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस बल रवाना किया गया तथा चंगेरी घाट से एक मेसी फर्गुसन 1035 जिसकी ट्राली में अवैध रेता लोड करते पाया गया जो ट्रैक्टर चालक पुलिस को दूर से ही देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रैक्टर मय ट्राली छोड़कर भाग गया जिसे समक्ष गवाहन के उपरोक्त ट्रैक्टर मय ट्राली में लोड अवैध रेता लगभग तीन घन मीटर कुल कीमती 5,05,000 रुपए की जप्त किया गया तथा उक्त अपराध धारा में अज्ञात आरोपी वाहन चालक एवं अज्ञात वाहन स्वामी का कृत्य धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम 1957 का पाया गया जो अज्ञात आरोपी वाहन चालक एवं अज्ञात वैध वाहन स्वामी पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतमा निरी रत्नांबर शुक्ल, प्रधान आरक्षक रामखेलावन यादव, आर. अभय त्रिपाठी की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 09 कोतमा में विद्यारंभ

**कोतमा।** आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 09 कोतमा में विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड 09 के पूर्व पार्षद रोशन वारसी रहे, जिन्होंने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती नाजरा बेगम सहित वार्ड के अनेक गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# मां शारदा टेकरी में अष्टमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब कन्या भोज के साथ धूमधाम से मनाया गया पर्व





**शहपुरा।** शहपुरा क्षेत्र स्थित मां शारदा टेकरी में अष्टमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी सुबह से ही भक्तों का टेकरी पहुंचना शुरू हो गया जहां माता रानी के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। अष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर माताजी को विशेष भोग अर्पित किया पारंपरिक रूप से कन्या भोज का आयोजन भी किया गया जिसमें छोटी कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर उनका पूजन कर भोजन कराया गया। स्थानीय श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के सहयोग से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अष्टमी पर्व को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया दिनभर टेकरी परिसर में भजन कीर्तन आरती और प्रसाद वितरण का क्रम जारी रहा बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां शारदा से सुख समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की इस धार्मिक आयोजन से शहपुरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बना रहा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## आशी शुक्ला ने आठवीं बोर्ड परीक्षा में 92.2 प्रतिशत अंक हासिल कर किया

डिंडौरी।

जिला मुख्यालय स्थित सेंट एंजेल हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा आशी शुक्ला ने आठवीं बोर्ड परीक्षा में 92०2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट स्थान हासिल किया है। उन्होंने कक्षा आठवीं में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि अपने नाम की।



आशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया है। वह नर्मदा पुल पार हंसनगर निवासी आशीष शुक्ला और आरती शुक्ला की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## शहपुरा में जल संकट पर सियासत तेज युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन






**शहपुरा।** शहपुरा नगर में बढ़ती गर्मी और संभावित जल संकट को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है युवा कांग्रेस जिला डिंडोरी के जिला अध्यक्ष अमन पाठक के नेतृत्व में नगर परिषद शहपुरा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें जनहित से जुड़े मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गईज्ञापन में बताया गया कि नगर के विभिन्न वार्डों में पानी की पाइपलाइनें जगह जगह फूटी हुई हैं जिससे पानी की बर्बादी हो रही है और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की गई है

युवा कांग्रेस ने जल संकट से निपटने के लिए नगर परिषद के संसाधनों को समय रहते व्यवस्थित करने पर जोर दिया है ताकि जरूरत के समय नागरिकों को राहत मिल सके साथ ही फिल्टर प्लांट में फिटकरी की पर्याप्त उपलब्धता और साफ सफाई सुनिश्चित करने तथा मोटर पंप की मरम्मत और अतिरिक्त मोटरों की व्यवस्था करने की मांग की गई हैज्ञापन में नगर के प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ शुरू करने की बात भी कही गई है ताकि भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत मिल सके इसके अलावा नई जल योजना के तहत शहर में दोनों समय नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग रखी गई हैअमन पाठक ने प्रशासन से आग्रह किया है कि सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि गर्मी के मौसम में नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

## सरपंच सचिव पर गबन और न्यायालय की अवमानना के आरोप




**शहपुरा।** शहपुरा जनपद की ग्राम पंचायत बिजोरी माल एक बार फिर विवादों के केंद्र में है जहां शासकीय राशि के कथित गबन और न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद राशि जमा नहीं किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है शिकायतकर्ता ने जिला पंचायत को दिए आवेदन में सरपंच और सचिव पर विकास कार्यों के नाम पर फर्जी बिल लगाकर शासन की राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया है

मामले की जांच और सुनवाई के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा पंचायत राज अधिनियम की धारा 89 के तहत 20 फरवरी 2026 को आदेश जारी किया गया था जिसमें संबंधित सरपंच और सचिव को लगभग एक लाख छिहत्तर हजार रुपये सात दिनों के भीतर शासकीय खाते में जमा करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन आरोप है कि आदेश जारी होने के एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी राशि जमा नहीं कराई गई है।

इससे न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना के साथ पंचायत स्तर पर वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं ग्रामीणों में मामले को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है उनका कहना है कि यदि समय पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो शासकीय धन के दुरुपयोग को बढ़ावा मिलेगा और विकास कार्यों की पारदर्शिता प्रभावित होगी शिकायतकर्ता ने प्रशासन से पंचायत राज अधिनियम की धारा 92 के तहत कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए सरपंच और सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की है ताकि शासकीय राशि की वसूली सुनिश्चित हो सके।

## मेहंदवानी में धड़ल्ले से चलता रहा अवैध बोर खनन, प्रशासन की निगरानी पर उठे सवाल



**डिंडोरी।** डिंडोरी जिले के मेहंदवानी जनपद मुख्यालय में प्रशासन के प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम अवैध बोर खनन का मामला अब गंभीर सवालों के घेरे में है। रेस्ट हाउस के पीछे लंबे समय तक बोरिंग मशीन लगाकर उत्खनन किया जाता रहा लेकिन हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े स्तर पर चल रहे इस काम की जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों तक क्यों नहीं पहुंच पाई।स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि जब जनपद मुख्यालय जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह का अवैध कार्य चल रहा था तो निगरानी व्यवस्था पूरी तरह फेल क्यों नजर आई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई की जाती तो ऐसे मामलों पर अंकुश लगाया जा सकता था।सबसे बड़ा सवाल यह है कि मशीन मालिक या संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। जिले में बिना अनुमति बोर खनन पर रोक के बावजूद नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई नहीं होना प्रशासनिक सख्ती पर भी सवाल खड़े करता है।

मेहंदवानी मामले को लेकर अब क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है कि इस पूरे प्रकरण का क्या हुआ। क्या मामले की जांच हो रही है या यह मुद्दा भी धीरे धीरे ठंडे बस्ते में चला जाएगा।सूखाग्रस्त जिले में अवैध बोर खनन का यह मामला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस प्रकरण पर क्या रुख अपनाते हैं और नियमों की अनदेखी करने वालों पर कब तक सख्त कार्रवाई होती है।

## जलशक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के जरिए जल संरक्षण का दिया संदेश



**डिंडोरी** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे के मार्गदर्शन में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्जलशक्ति से नवभक्तिश कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर क्रमांक 01 सक्का में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तथा नवांकुर संस्था अमरपुर बाल विकास विद्या मंदिर समिति के तत्वाधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में उपसरपंच लक्ष्मी यादव सहित नवांकुर संस्था के अरविंद कुमार यादव समाजसेवी रामकृष्ण नायक नीरज नंदेहा शशिकांत शुक्ला राजेंद्र ज्योति सिंह धूमकेती परामर्शदाता राधेश्याम बनवासी तिलक सिंह सैयाम नीतू मरकाम एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जल संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संगोष्ठी आयोजित की गई। रामकृष्ण नायक ने बताया कि डिंडौरी जिले में जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही जल मंदिर प्याऊ की स्थापना भी की गई है। उन्होंने 19 मार्च से 30 जून तक चलने वाले अभियान की कार्ययोजना की जानकारी दी।उपसरपंच लक्ष्मी यादव ने कहा कि पानी अमूल्य है और इसका संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने जल बचाने का संदेश देते हुए कहा कि जल ही जीवन है और इसका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव नीरज नंदेहा ने वर्षा जल संचयन जल स्त्रोतों के संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के लिए संकल्प दिलाया गया और सामूहिक शपथ भी कराई गई।नर्मदा वैदेही ने भी जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जल संरक्षण की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य पदाधिकारी नवांकुर सखियां और ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी रही। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत घानामार में हुआ श्रमदान, जनप्रतिनिधियों ने दिया जल संरक्षण का संदेश



**डिंडौरी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग की राज्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत रूसा के पोषक ग्राम घानामार में गुरुवार को श्रमदान एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआकार्यक्रम की शुरुआत ग्राम के तालाब में श्रमदान कर साफ.सफाई से हुई जिसमें जनप्रतिनिधियों अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया इसके पश्चात सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा हैजिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल शासन का कार्यक्रम नहीं बल्कि जन.जन का अभियान है जल ही जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के बिना भविष्य की कल्पना संभव नहीं है उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे वर्षाजल संचयन पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें उन्होंने कहा कि जब तक समाज की सक्रिय भागीदारी नहीं होगी तब तक जल संकट का स्थायी समाधान संभव नहीं है शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है जिसमें जनभागीदारी सबसे अहम भूमिका निभाती है पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन में अपना योगदान दे उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि गांव.गांव में तालाब बनाए जाएं नदी नाले झरने जलाशय मेड बंधान तथा सड़कों के किनारे फलदार पेड़.पौधे लगाए जाएं विधायक धुर्वे ने विकसित भारत जी राम जी योजना पर चर्चा करते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2026 से इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को साल में 125 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा तथा 15 दिवस के भीतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा उन्होंने विकासखंड डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बसनिया के पोषक ग्राम संझौला टोला तक सड़क निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए साथ ही संकल्प से समाधान योजना के तहत वृद्धा पेंशन आयुष्मान कार्ड राशन कार्ड एवं पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने पर जोर दिया

प्रतिमा बागरी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी और जनकल्याणकारी पहल है जिसका उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण संवर्धन एवं सतत उपयोग सुनिश्चित करना है डिंडौरी जिले में जल संरक्षण करना आसान है जल संकट से निपटने के लिए केवल शासकीय प्रयास पर्याप्त नहीं हैं इसमें जन.जन की सहभागिता अनिवार्य है उन्होंने कहा कि गांवों में तालाब कुएं और बावड़ियों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है श्रमदान के माध्यम से इन जल स्त्रोतों की साफ.सफाई एवं गहरीकरण कर उन्हें पुनर्जीवित किया जा सकता है जिससे वर्षाजल का अधिक संचयन संभव होगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराएं उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण और अपने आसपास के जल स्त्रोतों की रक्षा एवं संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाएं सामूहिक प्रयासों से ही गांवों को जल समृद्ध बनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है हितलाभ वितरण के अंतर्गत राजस्व विभाग ग्राम घानामार निवासी सेवाराम एवं जगदीश को फौती नामांतरण आदेश ग्राम रूसा माल के विमल कुमार को वसीयतनामा नामांतरण तथा देव सिंह को बटवारा नामांतरण आदेश प्रदान किए गए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भव्या वालरे प्रिन्सी मार्को मायरा मार्को अलीशा मार्को एवं शिवानी परस्ते को लाड़ली लक्ष्मी योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत कृष्ण कुमार सरैया को ऑटो रिक्शा की चाबी विथ आइस बॉक्स हेतु 2०70 लाख रुपये की अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया कार्यक्रम में शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम जनपद अध्यक्ष आशा सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहार जिला पंचायत सदस्य हीरा रुद्रेश परस्ते जय सिंह मरावी सुधीर दत्त तिवारी एवं ग्राम पंचायत रूसा सरपंच मनीषा कुशराम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे इस अवसर पर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी डीएफओ अशोक सोलंकी एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन नायब तहसीलदार शशांक शेंडे एवं सीईओ जनपद पंचायत डिंडौरी प्रमोद ओझा सहित समस्त अधिकारी.कर्मचारी भी मौजूद थेकार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

## मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद डिंडोरीरू नवांकुर संस्थाओं ने जल संरक्षण और नर्सरी प्रबंधन का लिया संकल्प



**डिंडौरी ।मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला डिंडोरी द्वारा संवाद योजना के अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं के सक्रियकरण हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मां नर्मदा बालक छात्रावास डिंडोरी में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संस्थाओं को नर्सरी प्रबंधन के विषय में व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान करना था।**

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उद्यानिकी विभाग से पुरुषोत्तम उईके और जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में पुरुषोत्तम उईके ने एग्रोफोरेस्ट नर्सरी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए खमेर महुआ बहेड़ा अर्जुन पलाश आंवला और बांस जैसे वाणिज्यिक महत्व के पौधों की नर्सरी तैयार कर आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित करने की जानकारी दी। प्रथम सत्र में नवांकुर संस्थाओं की गत माह की गतिविधियों की समीक्षा की गई और आगामी माह में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण की कार्ययोजना पर जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान ने विस्तार से चर्चा की। द्वितीय सत्र में नर्सरी निर्माण की तकनीकी जानकारी दी गई। इसमें बीज एवं पौधों के चयन नर्सरी बेड तैयार करने की विधि पॉलीथीन बैग भरने और बीज उपचार की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया गया।तृतीय सत्र में प्रतिभागियों ने शासकीय संजय निकुंज नर्सरी डिंडोरी का अवलोकन किया। वहां पौधों की रोपनी निर्माण देखभाल पर्यावरण संरक्षण रोग एवं कीट प्रबंधन से संबंधित व्यवहारिक जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही सीमित संसाधनों में कम क्षेत्र में कृषि और नर्सरी संचालन के लिए आधुनिक एवं कम लागत वाले उपकरणों के उपयोग पर भी प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों ने इमली कुटी और नर्मदा तट पर जल संरक्षण और संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में सभी विकासखंड समन्वयक और नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

## बजाग में मुख्यमंत्री जनकल्याण और पेंशन योजना कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण विकासखंड के 33 हितग्राहियों को मिला लाभ



**डिंडौरी ।** बजाग में राज्य शासन की लोककल्याणकारी मुख्यमंत्री जनकल्याण सहायता योजना और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत हितग्राहियों को राशि अंतरण और विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बजाग जनपद पंचायत के सभा कक्ष में किया गयायह आयोजन जिला कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन और अनुविभागीय दंडाधिकारी रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई थी जनपद पंचायत बजाग के सभा कक्ष में आयोजित इस लाइव प्रसारण में ब्लॉक स्तर के प्रशासनिक अमले की भारी मौजूदगी रही। इस दौरान ग्राम पंचायतों के सचिव ग्राम रोजगार सहायक और विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने स्क्रीन के माध्यम से मुख्य कार्यक्रम देखा और शासन की विकासोन्मुखी नीतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की कार्यक्रम का सकारात्मक प्रभाव बजाग विकासखंड में भी देखने को मिला। इस दौरान विकासखंड के 33 पात्र हितग्राहियों को योजना के तहत लाभान्वित किया गया। उनके खातों में सहायता और पेंशन राशि का सीधा अंतरण हुआ जिससे लाभार्थियों में हर्ष का माहौल रहा। साथ ही क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण से विकासखंड में प्रगति के नए मार्ग खुले।

## खबर संक्षेप

### मकान में आग लगी गृहस्थी हुई खाक



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस समीपी ग्राम उमाहे में मुन्नालाल पिता परम लाल घोसी के कच्चे मकान में सार्ट सर्किट के चलते अर्धरात्रि के समय आग लगने से घर की पूरी संपत्ति जलकर खाक हो गई है यहां तक संदूक में रुपयों जलकर राख हो गए हैं।खाने पीने की सामग्री से लेकर पहनने ओढ़ने विछाने तक के कपड़े भी जल कर नष्ट हो गये हैं।आग कैसे लगी अभी तक इसका खुलासा नहीं हो सका है।आग की लपटें देख बड़ी संख्या में उपस्थित पड़ोसियों ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय संसाधनों से आग पर काबू पाया।

### फांसी पर झूला युवा

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस समीपी ग्राम टेकापार में विष्णु पिता बाबू ठाकुर 26वर्ष ने समीप के ही एक खेत में नीम के पेड़ से फांसी पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक के परिजन खेतों में काम करने गये हुए थे। और मृतक अकेला घर पर ही था।मृतक के माता-पिता के साथ पत्नी और छोटा सा बालक भी है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

### कनिष्का का सुयश



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस घोषित हुए मिडिल स्कूल के परीक्षा परिणामों में प्रतिष्ठित ग्राम इमझिरा के कुलदीप शर्मा की सुपुत्री कु कनिष्का शर्मा ने कक्षा आठवीं की परीक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है।कनिष्का सर्वोदय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम की छात्रा है।

### झोतेश्वर में राजराजेश्वरी मैयाजी का अंगूरों से दिव्य श्रृंगार



**गोटेगांव।** समीपवर्ती धार्मिक स्थल परमहंसी गंगाआश्रम, झोतेश्वर में स्थित भव्य मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ राजराजेश्वरी का प्रतिदिन अलग-अलग स्वरूपों में श्रृंगार किया जा रहा है। वासंतिक नवरात्रि के सातवें दिवस माँ कालरात्रि के रूप में मैयाजी का रसीले अंगूरों से आकर्षक एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया।
इस अद्भुत श्रृंगार के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने विधिवत पूजन-अर्चन और आरती कर धर्म लाभ अर्जित किया। इसके पश्चात श्रद्धालु ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के समाधि स्थल पर भी दर्शन के लिए पहुंचे।

### सुवीर अरोरा का स्टेट टीम में चयन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 10 के छात्र सुवीर अरोरा पिता अमित अरोरा का चयन 17 वर्ष बालक राष्ट्र स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हुआ है। सुवीर की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल अधिकारी व संस्था प्राचार्य एवं स्टाफ द्वारा हर्ष प्रकट करते हुए शुभकामना प्रदान की।

---

प्रतिभा को पंख लगने में रोड़ा बन रही अनदेखी

# विद्यार्थियों के जीवन से हो रहा खिलवाड़



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिले की शिक्षा व्यवस्था अपना परचम लहरा रही है। शिक्षा के क्षेत्र मे जिले की प्रतिभा प्रदेश में अव्वल है। लेकिन बरमान क्षेत्र मे शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा नेताओं की अनदेखी के कारण प्रतिभा का दमन हो रहा है। जबकि शिक्षा किसी भी लोक कल्याणकारी राज्य और सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि पूर्णतया शिक्षित समाज ही राष्ट्रीय विकास और राष्ट्रीय चरित्र के लिए सुयोग्य नागरिकों का निर्माण कर सकता है। लेकिन विडंबना यह है कि शिक्षा के क्षेत्र में कभी अग्रणी रहा बरमान आज भी एक अदद सरकारी हायर सेकेंडरी विद्यालय की स्थापना के लिए तरस रहा है। सबसे अधिक आश्चर्य की बात यह है कि प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री स्वयं इसी जिले से हैं और जिले के तमाम बड़े अधिकारी व नेतागण आए दिन मां नर्मदा के दर्शन हेतु बरमान पहुंचते हैं, लेकिन आस्था के इस केंद्र पर बच्चों की शिक्षा की बदहाली किसी को दिखाई नहीं देती।

### सांसद की घोषणा रह गई खाली

विगत 1 नवंबर 2015 को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में तत्कालीन सांसद ने बरमान में अगले ही सत्र से 11वीं और 12वीं की कक्षाएं शुरू कराने की सार्वजनिक घोषणा की थी। मगर इस घोषणा के वर्षों बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन के अधिकारियों की कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया। इस मसले पर विगत सालों में युवा जागरूक नागरिक महेंद्र सिंह कौरव भी शिक्षा महकमे की इस चूक पर खेद व्यक्त करते हुए मांग उठा चुके हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इसके लिए किसी विधानसभा की मंजूरी या बड़े भारी-भरकम प्रस्ताव की आवश्यकता नहीं थी, केवल प्रशासनिक इच्छाशक्ति और नेक नियत की जरूरत थी। आए दिन नर्मदा तट पर माथा टेकने वाले नेताओं और अधिकारियों की मंशा की कमी यहाँ साफ दिख रही है।

### शिक्षक संघ लगाया भेदभाव के आरोप

नवीन शिक्षक संघों शिक्षक संगठनों ने इस स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा है कि जिले में शिक्षा के नाम पर अरबों-खरबों का बजट खर्च होने के बावजूद पवित्र नगरी बरमान कला और बिलहरा जैसे बड़े केंद्रों में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की सुविधा न देना एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। तपोस्थली बरमान घाट के साथ आजादी के सात दशकों बाद भी शिक्षा विभाग का सौतेला व्यवहार जारी है। जैसे-तैसे हाई स्कूल तो खोला गया, लेकिन पर्याप्त छात्र संख्या होने के बावजूद इसे उन्नत नहीं किया गया, जो होनहार विद्यार्थियों के साथ खुला अन्याय है। प्रशासन को चाहिए की व्यवस्थाओं के अनुरूप विषय बढ़ाकर उच्चतर शिक्षा मे वृद्धि की जावे।

### प्रतिभाओं का हो रहा नुकसान

जिला अभिभावक संघ ने शिक्षा महकमे की एक और बड़ी विसंगति पर प्रकाश डाला है। आमगांव, सालीचैका, झामर, केरपानी जैसे करीब आधा दर्जन हायर सेकेंडरी विद्यालयों में केवल कला संकाय के विषय ही संचालित हैं। इन स्कूलों में प्राथमिकता के आधार पर गणित, विज्ञान और कॉमर्स जैसे आधुनिक व व्यावसायिक विषयों को खोलने से गुरेज किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री के गृह जिले में ही इतनी बड़ी विषमताओं का होना राजनीतिक नेतृत्व की अनदेखी को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। बरमान धार्मिक तीर्थ तथा आवादी के अनुसार सभी विषयों की शिक्षा होना अनिवार्य है परन्तु जिले की राजनीति की उपेक्षा का शिकार बरमान को बनाया जा रहा है। वही नेताओं द्वारा मंच से भाषण देकर इतिश्री कर ली जाती है जो कि प्रतिभा का सीधा सीधा हनन है। बरमान के बाशिंदों, प्रबुद्ध नागरिकों और जागरूक युवाओं ने स्कूल शिक्षा मंत्री, जनप्रतिनिधियों एवं उन तमाम नर्मदा भक्त अधिकारियों से मांग की है जो अक्सर यहाँ आते हैं, कि आगामी शैक्षणिक सत्र से ही बरमान में 11वीं और 12वीं की कक्षाएं अनिवार्य रूप से प्रारंभ की जाएं। साथ ही जिले भर के केवल कला संकाय वाले विद्यालयों में अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विद्यार्थियों के साथ न्याय किया जाए। सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए व्यावहारिक और ईमानदारी भरे प्रयासों की आज नितांत आवश्यकता है। बहरहाल इस मुद्दे पर जिला प्रशासन और जिला शिक्षा अधिकारी से संवाद स्थापित नहीं हो सका है। अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा उक्त संबंध मे क्या कदम उठाया जाता है।

---

# मां भगवती को लगाया गया 56 व्यंजनों का भोग



**तेंदूखेड़ा।** शक्ति की भक्ति साधना का महापर्व चैत्र नवरात्रि पर्व संपूर्ण क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। संपूर्ण क्षेत्र में देवीमय धार्मिक वातावरण बना हुआ है। भोर की किरण फूटने के पूर्व ही श्रद्धालु महिलाएं माता रानी के दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचकर जलाभिषेक पूजन अर्चन में संलग्न बनें हुए हैं। वहीं दोपहर के समय महिलाओं द्वारा देवी मठों में देवी जस भक्तों का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि के समय संगीतमय में आरतियां में श्रद्धालु भक्ति भाव से झूम झूमकर आरती मैं संलग्न हो रहे हैं। अष्टमी और नवमी तिथि को श्रद्धालुओं द्वारा खेरापति मंदिरों में पहुंच कर हलवा खीर अठवाईं का भोग लगाया जा रहा है।प्रतिष्ठित ग्राम इमझिरा में कंकाली मठ पर महाअष्टमी के पावन पर्व पर मातारानी को 56 व्यंजनों का विशेष भोग भी अर्पित किया गया।

### जवारों के दर्शन करने उमड़ रहा सैलाब

चैत्र नवरात्रि का महापर्व पूरे सबाब पर बना हुआ है। जगह जगह जवारों की स्थापना की गई है। श्रद्धालु जन दर्शनों के लिए पहुंच रहें हैं। बड़ी संख्या में भगतों देवी गीतों को लेकर लोग झूमने मजबूर बने हुए हैं। नगर के हरसिद्धि मंदिर और बागदाने मठ परिसर में देवी प्रतिमा सहित जवारे कलश स्थापित किए गए हैं।

### जवारों की विशाल शोभायात्रा आज

प्रति वर्षानुसार इस बार भी इमझिरा में प्रसिद्ध कंकाली मंदिर पर 108 ज्योति कलश ज्वारों की स्थापना की गई है।नवमी के पूजन अर्चन के साथ आस्था पूर्वक आज विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी शाम 4 बजे माता रानी के दरबार से 1 किलोमीटर की विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए खेरापति दरबार तक जाएगी जहां पूजन अर्चन के साथ समीपी बरांझ नदी में ज्वारों का विसर्जन किया जाएगा।

### उत्कृष्ट रहा सरस्वती विद्यालय का परीक्षा परिणाम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस पूर्व प्राथमिक एवं माध्यमिक बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित हुये जिसमें सरस्वती उ.मा.विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्राथमिक बोर्ड परीक्षा कक्षा 5 वी एवं 8 वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की। विद्यार्थियो की सफलता पर विद्यालय प्रबंधन समिति,संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी,प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर ,राजेन्द्र पटेल परीक्षा प्रभारी श्रीमती संगीता नामदेव,जितेन्द्र पटेल ,श्रीमती सोमजया मिश्रा, ईश्वरदास बैरागी एवं आचार्य परिवार ने शुभकामनाऐ दी।

### रोहित पटेल बने नगर कांग्रेस अध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटैल की अनुशंसा पर नरसिंहपुर नगर अध्यक्ष के पद पर पूर्व एन एस यू आई जिला अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रोहित पटेल को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन में उनके लंबे समय से सक्रिय योगदान, युवाओं के बीच मजबूत पकड़ एवं कुशल नेतृत्व क्षमता को ध्यान में रखते हुए की गई है। श्री रोहित पटेल ने पूर्व में छात्र हित एवं नगर के जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए सक्रिय भूमिका निभाई है, तथा छात्र राजनीति से लेकर युवा कांग्रेस तक विभिन्न पदों पर रहते हुए संगठन को मजबूती प्रदान की है। सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है। इस नियुक्ति पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की।

## पैरोल से फरार बंदी राजस्थान से गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** केंद्रीय जेल नरसिंहपुर से पैरोल पर बाहर निकलने के बाद आठ महीने से फरार चल रहे आजीवन कारावास के शातिर बंदी धनराज पिता मंगल सिंह को पुलिस ने राजस्थान के अलवर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। बलात्कार के गंभीर मामले में सजा काट रहे इस अपराधी पर पुलिस द्वारा 30,000 रुपये का नगद इनाम घोषित किया गया था। मूलतः छिंदवाड़ा जिले के ग्राम पाथरी का निवासी यह बंदी जून 2025 में 16 दिनों की पैरोल पर जेल से बाहर आया था, लेकिन निर्धारित तिथि 13 जुलाई 2025 को वापस लौटने के बजाय वह फरार हो गया। जेल अधीक्षक की सूचना पर थाना स्टेशन गंज में मामला दर्ज कर पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई थी। आरोपी अपनी पहचान छुपाने के लिए वह मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के विभिन्न शहरों में लगातार ठिकाने बदलता रहा और किसी भी स्थान पर 8-10 दिन से अधिक नहीं रुकता था। फरारी के दौरान वह मजदूरी करता था और ऐसे स्थानों का चयन करता था जहाँ उसे निःशुल्क भोजन मिल सके। पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से मथुरा और वृंदावन सहित कई संभावित ठिकानों पर सघन दबिश दी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी राजस्थान के अलवर जिले के एक गांव में छिपा है। पुलिस की भनक लगते ही आरोपी भागने की फिराक में रेलवे स्टेशन पहुँच गया, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने प्रभावी घेराबंदी कर उसे अलवर स्टेशन पर ही धर दबोचा। इस चुनौतीपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक किशोर वामनकर, उनि अनिल अजमेरिया, गौरव नोमा और उनकी टीम के साथ राजस्थान पुलिस के आरक्षक मानसिंह चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गैस सिलेंडरों की बढ़ी परेशानी उपभोक्ता त्रस्त



**गोटेगांव।** नगर गोटेगांव एवं आसपास ग्रामों की जनता को भी अब परेशानियों से दो चार होना पड़ने लगा है।ईरान अमरीका युद्ध का असर अब गोटेगांव सहित आसपास में बसी ग्रामीण जनता को भी झेलना पड़ रहा है। नगर में खाना बनाने वाली रसोई गैस के सिलेंडर मिलने में भी लोगों को बहुत परेशानियां झेलना पड़ रही है दो दो चार चार दिन से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी गैस उपभोक्ताओं के हाथ खाली रह जाते हैं।भारत सरकार कितने भी दावे कर ले,कितने दिनों दिन गैस डिलीवरी के नियम बदल दे कुछ भी कर ले लेकिन जनता अब बहुत ज्यादा ही परेशान हो रही है जिसका असर सभी पर पड़ने लगा है। स्मरण हो सिलेंडर बुक के पश्चात तीन चार बजे रात्रि से लाइन में लगने के बाद भी लोगों को गैस सिलेंडर मुहैया नहीं हो पा रहा है इस परेशानी से जनता में नाराजगी का नजारा स्पष्ट तौर पर देखा जा रहा है।इससे जनता को ऊंचे दामों पर भी गैस खरीदी करनी पड़ सकती है जिससे कालाबाजारी को बल मिलेगा।वहीं दूसरी ओर गोटेगांव में गैस एजेंसी में गैस से भरे ट्रक लोड ही कम आने लगे हैं जिससे भीड़ कुछ ज्यादा ही होने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों और नगर के उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।जिससे गैस सिलेंडर की समस्या बलबती होती जा रही है लोगों को भोजन बनाना मुश्किल होता जा रहा है। स्मरण हो कि भारत सरकार ने सार्वजनिक उपभोक्ता प्रणाली से बहुत पहले से ही सस्ती दर पर मिलने वाला मिट्टी का तेल बंद कर दिया है जिससे अब समस्या विकराल होती नजर आने लगी है।तो एक ओर जबलपुर जिला प्रशासन और कटनी जिला प्रशासन सहित अन्य जिलों के कलेक्टरों ने भी कहा है कि फालतू की आ रही अफवाहों में जनता भ्रमित न हो पेट्रोल,डीजल,और एल पी जी का पर्याप्त स्टॉक है फिर भी जनता बेचारी एल पी जी टंकी के लिए लाइन लगाकर अपना समय बर्बाद क्यों कर रही है और समय पर उपभोक्ताओं को खाना बनाने रसोई गैस सिलेंडर क्यों नहीं मिल पा रहा है। गोटेगांव में और ग्रामीण क्षेत्र की जनता में जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है। एक लोड ही मात्र गोटेगांव में आ रहा है जिसमें लगभग 350 से 400 सिलेंडरों की संख्या रहती है ऐसे में कितनों को सिलेंडर मिल पाएंगे जबकि टंकी लेने वालों की भीड़ कई सैकड़ों में रहती है।ऐसे में अच्छा होगा कि सभी को समय पर एल पी जी सिलेंडर की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित की जाए।लोड बढ़ाए जाएं जिससे सभी को पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर मिलें।

### ग्राम बांड़ी में भक्तिमय भाव से हुई श्रीमद्भागवत कथा सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** चैत्र नवरात्र पर्व में नर्मदांचल क्षेत्र के ग्राम बांड़ी (बीकोर) में सप्तमी तिथि में कथा का हुआ विश्राम, खेड़ापति मंदिर निर्माण व नवरात्रि महोत्सव पर्व पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया था, कथा व्यास श्री कृष्णा अनुरागी पंडित अभिषेक कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। उक्त भागवत कथा का आयोजन समिति अध्यक्ष गजराज नोरिया की अध्यक्षता में सभी अतिथियों का स्वागत किया गया ग्राम बीकोर नई दिशा समिति अध्यक्ष नेतराम नोरिया उपाध्यक्ष रूप सिंह नोरिया एवं समस्त समिति का विशेष सहयोग रहा। कथा के मुख्य यजमान राजाराम नोरिया रहे एवं समस्त ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में श्रद्धा व भक्तिभाव से कथा श्रवण की। नर्मदातटीय क्षेत्र के गांवों में सम्पूर्ण भक्तिभाव से ग्रामीणों के द्वारा किये जाने वाले ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में सुख समृद्धि सहित धर्म के प्रति लोगों की आस्था का प्रतीक है।

## नशे में धुत युवक द्वारा मोबाइल चोरी का प्रयास विफल



**गोटेगांव।** नगर के भगतराम चौराहा स्थित एक मोबाइल दुकान में नशे में धुत युवक द्वारा मोबाइल चोरी करने का प्रयास किया गया, जिसे दुकानदार की सतर्कता से विफल कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक दुकान में ग्राहक बनकर आया और मौका पाकर मोबाइल लेकर भागने लगा। तभी दुकानदार नीलू खरया ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और कुछ ही दूरी पर उसे पकड़कर मोबाइल वापस ले लिया।घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। हालांकि बाद में आपसी समझाइश के चलते मामले को शांत कर दिया गया और पुलिस में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई।इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने नगर में बढ़ती नशाखोरी और सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की है। व्यापारियों का कहना है कि शाम होते ही मुख्य चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है, जिससे इस तरह की घटनाओं की आशंका बनी रहती है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि नगर में गश्त बढ़ाई जाए और नशा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# प्लास्टिक मुक्त नवरात्रि के लिए जनप्रतिनिधियों की अपील जारी



**गोटेगांव।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर गोटेगांव क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से नागरिकों से प्लास्टिक मुक्त नवरात्रि मनाने की अपील की है। सभी ने एक स्वर में कहा कि धार्मिक आस्था के इस पावन पर्व को प्रकृति संरक्षण के संकल्प के साथ मनाना समय की आवश्यकता है। समाजसेविका श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने एक वीडियो संदेश जारी कर 'अर्थ आवर' के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि आगामी 28 मार्च, शनिवार को रात्रि 8:30 बजे से 9:30 बजे तक अनावश्यक विद्युत उपकरण बंद रखकर ऊर्जा संरक्षण का संदेश दें और पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश ने पर्यावरण की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि प्रकृति हमें जीवन के लिए आवश्यक हवा, पानी और भोजन प्रदान करती है, लेकिन वर्तमान में यह गंभीर संकट का सामना कर रही है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, जल संरक्षण अपनाने और प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह बंद करने का आह्वान किया।गोटेगांव की अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती संघमित्रा गौतम ने भी नागरिकों से मार्मिक अपील करते हुए कहा कि "प्रकृति है तो हम हैं।" उन्होंने विशेष रूप से नवरात्रि के दौरान प्लास्टिक के बर्तनों के स्थान पर पारंपरिक दोना-पत्तल, मिट्टी के बर्तन एवं स्टील के बर्तनों के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही उन्होंने दुकानदारों और आयोजकों से अपील की कि वे धार्मिक आयोजनों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के मानकों का पालन सुनिश्चित करें। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नवरात्रि जैसे बड़े पर्वों पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं, ऐसे में यदि प्लास्टिक का उपयोग कम किया जाए तो पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने नागरिकों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। सभी ने मिलकर यह संदेश दिया कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही बड़े बदलाव संभव हैं और यदि हर व्यक्ति जागरूक होकर योगदान दे, तो गोटेगांव क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सकता है।

## राज्य शिक्षक संघ ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस शिक्षक पात्रता परीक्षा मामले को लेकर राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की गई है। प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सुप्रीम कोर्ट पहुंचकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं से मुलाकात कर चर्चा करते हुए उक्त मामले में पुनर्विचार याचिका से संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के नाम से पुनर्विचार याचिका हेतु कार्यवाही पूर्ण की। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर उत्पन्न असमंजस की स्थिति से शिक्षकों को चिंतित होने एवं व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। साथ ही उक्त मामले को लेकर शासन स्तर पर भी सतत संवाद बना हुआ है। राज्य शिक्षक संघ ने प्रदेश भर में विधायकों एवं सांसदों के माध्यम से भी उक्त मामले को लेकर अपनी बात रखी है। प्रतिनिधि मंडल में नगेंद्र त्रिपाठी नरेंद्र त्रिपाठी राजेश एलिया गजेंद्र बछले गिरीश द्विवेदी आनंद त्रिवेदी सत्येंद्र सिंह गौर शैलेन्द्र श्रीवास्तव एवं अनिल पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।